3219
18/4/12

सत्यमेव जयते

28 MAR 2012

असंशोधित

28 MAR 2012

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

--------

(भाग I—कार्यवाही—प्रश्नोत्तर रहित)

प्रतिवेदन शाखा
... 633 ... तिथि ... 18/4/12

तारांकित प्रश्न संख्याः- २६९७ (मा०सदस्य श्री रामसेवक सिंह)

श्री भीम सिंह, मंत्रीः- अध्यक्ष महोदय, उत्तर आंशिक स्वीकारात्मक है। वस्तुस्थिति यह है कि उक्त पथ की लंबाई लगभग ६.५ कि०मी० है जो खराब है। इस पथ के मरम्मति कराने में लगभग १२० लाख ( एक करोड़ बीस लाख) रुपये व्यय अनुमानित है।

इस पथ के संबंध में प्रारंभिक प्रतिवेदन की मांग की जा रही है। प्रतिवेदन प्राप्त होने पर अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी।

श्री रामसेवक सिंहः- अध्यक्ष महोदय,माननीय मंत्री जी जब गये थे तो आर०ई०ओ० की प्रतीक्षा सूची बनी,उसमें वरीयता के क्रम में दूसरे स्थान पर था। यह पथ जो बथुआ से सेमरा है,यह काफी जर्जर है। माननीय मंत्री जी ने जवाब में कहा कि अगले वित्तीय वर्ष में,तो हम आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहते हैं कि अगले वित्तीय वर्ष में प्राथमिकता के आधार पर इस पथ का निर्माण कराना चाहते हैं या नहीं।

श्री भीम सिंह, मंत्रीः- महोदय,मैंने साफ पहले ही कहा कि अगले वित्तीय वर्ष में इसपर हम विचार करेंगे। यदि इतना महत्वपूर्ण सड़क है और सदस्य सूचना दे रहे हैं,तो हम श्योर करेंगे।

अध्यक्षः- ठीक है।

तारांकित प्रश्न संख्याः- २६९८ (मा०सदस्या श्रीमती मंजू हजारी)

श्री भीम सिंहः- अध्यक्ष महोदय,उत्तर आंशिक स्वीकारात्मक है। पथ खराब है परन्तु आवागमन चालू है। वस्तुस्थिति यह है कि उक्त पथ की लंबाई ८.० कि०मी० है जिसे संशोधित कोर नेट वर्क में शामिल कर लिया गया है। NRRDA (National Rural Road Development Agency) नई दिल्ली से स्वीकृति के पश्चात् अग्रेत्तर कार्रवाई की जायेगी।

श्रीमती मंजू हजारीः- अध्यक्ष महोदय,आपके माध्यम से मैं मंत्री जी से पूछना चाहती हूँ कि रोसड़ा मुख्य सड़क जो अनुमंडल मुख्यालय के शहर से यह ग्रामीण क्षेत्र से जोड़ती है,उस रोड पर पैदल चलना भी संभव नहीं है। गड्डे में रोड कहा जाय तो अच्छा है। महोदय,गत वर्ष सेशन अवधि में ही माननीय मंत्री जी को उस रोड के विषय में मरम्मति एवं अन्य सड़क की सूची मैंने विधान सभा में दिया था। उनके कहने पर सचिवालय में जाकर सचिव जी को सूची दिया परन्तु दुख के साथ कहना पड़ता है कि मेरे क्षेत्र का एक भी रोड विशेष मरम्मति की योजना से आज तक मरम्मत नहीं हुआ है। अध्यक्ष महोदय,मैं जानना चाहूंगी सरकार से कि कब तक इस सड़क की विशेष मरम्मति करायी जायगी। समय सीमा माननीय मंत्री जी बता दें।

श्री भीम सिंह,मंत्रीः- महोदय,सरकार ने स्पष्ट कहा है,माननीय सदस्या चिंतित है मरम्मति और विशेष मरम्मति के लिए लेकिन हम इस सड़क का निर्माण करने जा रहे हैं और निर्माण की जो प्रक्रिया है महोदय,पी०एम०जी०एस०वाई० के अन्तर्गत सी०एन०-६ में यह शामिल है यानि की जल्द ही इसपर निर्माण की प्रक्रिया की जायेगी और चूंकि यह एन०आर०आर०डी०ए० में समर्पित है महोदय, इसलिए हम अपने राज्य का जो धनराशि है, उसको उपयोग में नहीं ला सकते हैं। इसलिए माननीय सदस्या आश्वस्त रहें, अगले वित्तीय वर्ष में इसमें निर्माण कार्य प्रारंभ किया जायेगा।